आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 25.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- बाड़मेर में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ राजस्थान दिवस समारोह की शुरूआत–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को कई सौगातें दीं।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पर्यटन के साथ कौशल विकास की जरूरत पर बल दिया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत ने टीबी के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की।
- प्रदेश में गर्मी का असर और बढ़ा–चिकित्सा मंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये।

000

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का शुभारम्भ आज बाड़मेर में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ हुआ। शहर के आदर्श स्टेडियम में आयोजित हुए राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 200 करोड़ रूपये की एलपीजी सब्सिडी हस्तांतरित की। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों की लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार महिलाओं के विकास के लिए एक के बाद एक योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है और सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है।

000

हमारे बाडमेर संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं को कई सौगातें दीं।

000

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार भी मौजूद रहीं। राजस्थान दिवस समारोह के राज्यव्यापी कार्यक्रम 31 मार्च तक चलेंगे। इसी कडी में कल बीकानेर में किसान सम्मेलन होगा। इसमें किसान उत्पादक संगठनों का मेला भी लगेगा और तीस हजार किसानों को 137 करोड़ रूपये का अनुदान बैंक खातों में हस्तान्तरित किया जायेगा। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। वहीं दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में कल राजीविका मेले का उद्घाटन होगा। इसमें शिल्प मेला और फूड फेस्टिवल लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

राजस्थान दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 30 मार्च को मनाया जायेगा। इस दिन राजधानी जयपुर में भव्य सांस्कृतिक समारोह रखा गया है। विभिन्न जिलों में भी राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आज से कार्यक्रम हो रहे हैं। चूरू, बारां, अजमेर, जयपुर और पाली सहित अन्य जिलों में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन के आयोजन हुए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने राजस्थान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया हैं। कल मुख्यमंत्री निवास पर एक बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए राजस्थान दिवस गौरव की अनुभूति है। उन्होंने प्रदेश वासियों से राजस्थान को विकसित बनाने के लिए सेवा और समर्पण भाव से कार्य करने की बात कही।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र, रोजगार और आर्थिक विकास से सीधा जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यटन के विकास के साथ–साथ कौशल विकास भी जरूरी है। आज कोटा विश्वविद्यालय के पहले औद्योगिक अकादमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यदि युवाओं को पर्यटन उद्योग से जोड़ते हुए उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान किया जाए, तो इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कोटा में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने होटल उद्योग, टूर गाइड, इको–टूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

राज्यपाल ने आज ही कोटा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। उन्होंने 9 हजार 521 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं। 36 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियां दी गईं।

000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि तकनीकी नवाचारों से प्रदेश के नगरीय विकास को गति मिलेगी। आज जयपुर में एमएनआईटी में अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों का प्रशिक्षण लिया जाए। उन्होंने कहा कि परम्परा और आधुनिकता को जोड़ते हुए आगे बढ़ना है। इस अवसर पर उन्होंने अभियंताओं से संवाद भी किया। एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों और निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिया।

000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और राजस्थान धरोहर सरंक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने आज भरतपुर के किला स्थित बिहारीजी मंदिर और कैला देवी मंदिर क्षेत्र का अवलोकन किया। उन्होंने भरतपुर के अन्य धार्मिक स्थलों का भी दौरा कर विकास और सौंदर्यकरण की भावनाओं को तलाशा। पत्रकारों से बातचीत में श्री बेढम ने कहा कि बृज क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण और विकास के लिये डीपीआर तैयार की जा रही है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने टीबी के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में संपन्न 100–दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान से मिली महत्वपूर्ण जानकारियों पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा के एक लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत नींव रखी है। कल विश्व तपेदिक दिवस पर लेख में श्री नड्डा ने कहा कि भारत टीबी को खत्म करने के दृष्टिकोण को पुनर्परिभाषित कर रहा है। श्री नड्डा ने यह भी कहा कि टीबी के मामलों का पता लगाकर मृत्यु दर को कम करके और नए संक्रमणों को रोकने में इस अभियान ने भारत के प्रयासों को मजबूत किया है।

000

बालोतरा जिले के तिलवाड़ा में राज्य स्तरीय श्री मल्लीनाथ चैत्री पशु मेले की आज से शुरूआत हुई। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत और जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने ध्वजारोहण कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमावत ने कहा कि ये मेला पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण है। मेले को विस्तृत आयाम देने के लिए सरकार और प्रयास कर रही है।

000

आठ अप्रेल तक मल्लीनाथ पशु मेला आयोजित होगा। इसमें विभिन्न राज्यों से पशुपालक और व्यापारी पहुंच रहे हैं।

000

नागौर जिले के मुंदियाड़ गांव में करंट लगने से हुए हादसे को लेकर राज्य मानवाधिकार आयोग ने नागौर कलक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित पांच अधिकारियों से जवाब मांगा है। आयोग ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिये हैं कि वे हादसे के तीनों मृतकों के परिजनों को समुचित विधायी क्षतिपूर्ति राशि बिना किसी देरी के अदा करें। आयोग ने सुनवाई की तारीख 22 अप्रेल तय की है।

000

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार बढ रहा है। वर्तमान में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री ऊपर दर्ज हो रहे हैं। आज प्रदेश के बाड़मेर, जोधपुर, जालोर और आसपास के जिलों में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। बीती रात बाडमेर, फलौदी, जैसलमेर, बीकानेर तथा डूंगरपुर में न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस से उपर मापा गया।

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले 48 घंटों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में मौसम में बदलाव की संभावना है।

000

इस बीच, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने आज जयपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा और उपचार के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक तथा मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे।

000

एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत आज जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने युवा, छात्र और नवमतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री बंसल ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक वैमनस्यता कम होंगी और सरकारें विकास पर अधिक ध्यान देंगी और देश की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव कराने से जीडीपी में डेढ प्रतिशत की वृद्धि संभव है। कार्यक्रम में श्री राठौड़ ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को विकसित भारत की दिशा में अहम कदम बताया।

000